झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांकः— रा0खा0आ0 (शिकायत) 10/2022— 573

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव,
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः— 04/07/2022

विषयः— **राज्य के 2.85 लाख कार्डधारियों द्वारा 6 माह से राशन का उठाव नहीं किये जाने सम्बन्धी प्रकाशित समाचार पर कार्रवाई के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि दैनिक समाचार—पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक—16.06.2022 को ***"सूबे के 2.85 लाख कार्डधारियों ने 6 माह से नहीं उठाया राशन"*** शीर्षक अन्तर्गत समाचार प्रकाशित हुई है। प्रकाशित समाचार में राज्य के लगभग 2.85 लाख कार्डधारियों द्वारा 6 माह से राशन का उठाव नहीं किये जाने का उल्लेख है।

अतः उक्त प्रकाशित समाचार के कतरन की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि उक्त मामले में नियमानुसार कार्रवाई करने एवं कृत कार्रवाई से आयोग को भी अवगत कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः— यथोक्त।

विश्वासभाजन

4/7/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx161

हिन्दुस्तान
Date- 16/06/2022

(34)

सत्यापन जारी | आशंका जताई जा रही है कि आयुष्मान समेत दूसरी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फर्जी तरीके से कार्ड बनाए

सूबे के 2.85 लाख कार्डधारियों ने 6 माह से नहीं उठाया राशन

रांची, विशेष संवाददाता। गरीब होने का दावा कर झारखंड के लोगों ने राशन कार्ड तो बना लिए हैं, लेकिन जन वितरण प्रणाली की दुकानों से अनाज नहीं उठा रहे हैं। राज्य में बड़ी संख्या में कार्डधारी छह माह से अनाज का उठाव नहीं कर रहे हैं। इसकी जांच पर पता चला कि पूरे राज्य में 2,85,330 कार्डधारी पिछले छह माह से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं। अब सरकार इस बात का पता लगा रही है कि राशन कार्ड बनाने के बाद भी लाभुक अनाज क्यों नहीं उठा रहे हैं।

रांची जिला प्रशासन की टीम लाभुकों का भौतिक सत्यापन कर रही है। जांच के दौरान यदि राशन कार्डधारी सुखी-संपन्न निकले तो उससे कार्ड सरेंडर कराया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि बड़ी संख्या में लोग आयुष्मान योजना का लाभ और दूसरी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए फर्जी तरीके से कार्ड बना लिए हैं। जांच के दौरान इस बात का पता भी लगाया जाएगा कि ऐसे लोगों को डीलर तो अनाज देने से इनकार नहीं कर रहे हैं। अनाज नहीं लेने की सभी वजहों की भी जांच की जाएगी। रांची जिले में 50,969 कार्डधारी ऐसे हैं, जिन्होंने पिछले छह माह में अनाज का उठाव नहीं किया है। रांची में जिला प्रशासन की ओर से राशन कार्ड की जांच की जा रही है। इसमें अब तक एक दर्जन से अधिक लोग ऐसे पाए गए हैं जिनके पास कार, पक्का मकान और संपन्न रहते हुए भी राशन कार्ड बनाया था और राशन उठा रहे थे। ऐसे लोगों से उठाए गए अनाज की वसूली बाजार दर पर दस फीसदी ब्याज के साथ की जा रही है। साथ ही उन पर प्राथमिकी भी दर्ज की जा रही है। कार्ड बनाने के बावजूद लाभुक राशन का उठाव क्यों नहीं कर रहे हैं, इसकी जांच होगी। अगर कोई दिक्कत है तो उसकी मदद की जाएगी। अगर जानबूझकर ऐसा किया जा रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए लाभुकों की सूची से उनका नाम हटाया जा सकता है।

- जांच में सुखी-संपन्न मिले तो होगी कार्रवाई
- नाम हटाकर जरूरतमंदों का बनेगा कार्ड
- 50,969 सबसे अधिक रांची के हैं लाभुक

किस जिले में क्या है ऐसे लाभुकों की स्थिति

रांची	50969	गिरिडीह	12954	रामगढ़	4741
धनबाद	33985	चतरा	9912	पाकुड़	4676
पूर्वी सिंहभूम	27202	गोड्डा	9341	सिमडेगा	4280
पलामू	20394	देवघर	8213	खूंटी	3861
बोकारो	17754	साहिबगंज	7316	जामताड़ा	3641
सरायकेला-खरसावां	14867	दुमका	6045	लोहरदगा	2663
हजारीबाग	13279	पश्चिमी सिंहभूम	5913	कोडरमा	2467
गढ़वा	13135	गुमला	5826	लातेहार	1896

780
21.06.22